भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4348 का उत्तर

रेलवे में नियुक्तियाँ और रिक्त पद

4348. श्री दिनेश चंद्र यादव:
श्री अजय कुमार मंडल:
श्री गिरिधारी यादव:
श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में रेलवे में वर्ष-वार और पद-वार कितनी नियुक्तियां की गई हैं;
(ख) रेलवे में पद-वार कितनी रिक्तियां हैं;
(ग) क्या रेलवे में उक्त रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अपेक्षित समय-सीमा क्या है;
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान रेलवे में रिक्त पदों का वर्ष-वार और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) उक्त रिक्त पदों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों की संख्या कितनी है और उक्त पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं; और
(च) आज की स्थिति के अनुसार लोको पायलटों, ट्रैक मेंटेनरों और सिगनल स्टाफ जैसी संरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण श्रेणियों में जोन-वार कुल कितनी रिक्तियां हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): वर्ष 2004-2005 से 2013-14 की तुलना में 2014-2015 से 2024-2025 के दौरान भारतीय रेल में की गई भर्तियों का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:-

अवधि	भर्तियां	अ.जा. कोटि	अ.ज.जा कोटि
2004-2005 से 2013-2014	4.11 लाख	64,244 (15.6%)	36,231 (8.8%)
2014-2015 से 2024-2025	5.08 लाख	79,115 (15.6%)	42,989 (8.5%)

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेन्सियों को मांग पत्र भेजकर भरा जाता है।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने या इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- **अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;**
- **प्रति वर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;**
- **परीक्षाओं की निश्चितता;**
- **भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।**

वर्तमान में, वार्षिक कैलेंडर 2024 और 2025 के अनुसार भारतीय रेल में अराजपत्रित कार्मिकों की 1,43,086 रिक्तियां के विरूद्ध भर्ती की गई है।

सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियन (तकनीशियन ग्रेड-I सिगनल सहित), रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए) (जे.ई.सिगनल सहित), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए जनवरी से दिसम्बर 2024 के दौरान 92,116 रिक्तियों के लिए दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई थीं।

92,116 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी की जा चुकी है। इनका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	18,40,347	156	15
तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	26,99,892	139	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	11,01,266	146	15
रे.सु.ब.- एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	15,35,635	143	15
रे.सु.ब. - कांस्टेबल के पद (4,208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	45,30,288	147	15
पैरामेडिकल कोटियों (1,376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	7,08,321	143	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-स्टेशन मास्टर सहित)	58,41,774	141	15

(8,113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी			
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3,445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	63,27,473	157	15
अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों हेतु सीबीटी (1,036 रिक्तियां)	4,46,013	139	15
लेवल-1 पदों हेतु सीबीटी (32,438 रिक्तियां)	1,08,28,261	152	15
कुल अभ्यर्थी	3,58,59,270		

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक एवं स्नातक-पूर्व) के पदों के लिए द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) भी पूरी कर ली गई है। इनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	2,66,363	112	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,17,339	118	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,21,931	129	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक-पूर्व) (3,445 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	51,978	79	15
कुल अभ्यर्थी	5,57,611		

सहायक लोको पायलट और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक और स्नातक-पूर्व) और लिपीकीय एवं आईसोलेटेड कोटियों के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित दक्षता परीक्षा भी पूरी की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद हेतु कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा	1,32,044	84	2
लिपीकीय एवं आईसोलेटेड कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा	1,233	8	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा	13,616	38	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक स्तर) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा	30,341	58	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व स्तर) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा	13,145	44	2
कुल अभ्यर्थी	1,90,379		

42,000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, उप-निरीक्षक एवं कांस्टेबल (आरपीएफ) और सहायक लोको पायलट के विभिन्न पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियों की हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 50,970 रिक्तियों के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या	पद का नाम	अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या	अधिसूचना जारी करने का माह
01/2025	सहायक लोको पायलट	9,970	मार्च, 2025
02/2025	तकनीशियन (तकनीशियन ग्रेड-I सिगनल सहित)	6,238	जून, 2025
03/2025	पैरा मेडिकल कोटियां	434	जुलाई, 2025
04/2025	सेक्शन कंट्रोलर	368	अगस्त, 2025
05/2025	जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक/रसायन एवं धातुकर्म (जेई सिगनल सहित)	2,585	अक्टूबर, 2025
06/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक)	5,810	अक्टूबर, 2025
07/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक)	3,058	अक्टूबर, 2025
08/2025	आईसोलेटेड कोटियां	312	दिसम्बर, 2025
09/2025	स्तर-1 पद (सहायक, ट्रैक मेंटेनर और प्वाइंट्समैन सहित)	22,195	दिसम्बर, 2025
कुल		50,970	

19,595 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (9970 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीएटी	10,03,719	141	15
सेक्शन कंट्रोलर के पद (368 रिक्तियां) हेतु सीबीएटी	4,33,748	131	15
जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पद (2585 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीएटी	5,74,351	133	15
तकनीशियन के पद हेतु सीबीटी (6238 रिक्तियां)	8,41,525	117	15
पैरामेडिकल श्रेणियों के पद हेतु सीबीटी (434 रिक्तियां)	3,19,396	106	15
कुल अभ्यर्थी	31,72,739		

इसके अलावा, सहायक लोको पायलटों की 11,127 रिक्तियां कैलेंडर वर्ष 2026 में अधिसूचित करने के लिए अनुमोदित किया गया है।

****